महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः–1975/कु0का0/2023 दिनांकः 16/08/2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः–आधार कार्ड को हाईस्कूल के प्रमाण पत्र से नाम, पिता का नाम, माता का नाम एवं जन्मतिथि आदि विवरण को अपडेट कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ के पत्रांक संख्या 1116–23/स0क0/छात्रवृत्ति/2023–24 दिनांक–16 अगस्त, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा निर्देशित किया गया है कि पूर्वदशम एवं दशमोत्तर के समस्त छात्र/छात्राओं को शैक्षिक सत्र 2023–24 में छात्रवृत्ति फार्म भरने हेतु वे अपने आधार कार्ड को हाईस्कूल के प्रमाण पत्र से नाम, पिता का नाम, माता का नाम एवं जन्मतिथि आदि विवरण को अपडेट करा लें, छात्रवृत्ति आवेदन भरते समय नाम, आधार कार्ड नम्बर और ओ०टी०पी० को डालते ही डाटा स्वतः भर जायेगा। डाटा एवं मूल प्रमाण पत्र में अन्तर होने पर छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हो सकेगी। यदि आधार कार्ड में कोई त्रुटि हो तो उसे तुरन्त सुधार करा लें, अन्यथा छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हो सकेगी। गतवर्षो तक छात्र/छात्राओं का आधार कार्ड का नम्बर ही भरा जाता था। शेष डाटा भरने के लिए छात्रों के पास विकल्प रहता था किन्तु इस वर्ष ऐसा नहीं होगा।

उक्त के क्रम में समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में अध्ययनरत समस्त छात्रों को उक्त सूचना से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय
16.08.23
(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़/मऊ।

16.08.23
कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner